**प्रेस नोट**
**दिनांक 30.12.2024**

## पदोन्नति

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–ए के 09 पुलिस कर्मियों को कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी के पद पर पदोन्नत होने पर उनके कंधो पर स्टार लगाकर बधाई दी गयी व उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी गयी–

आज दिनांक 30.12.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा में तैनात 03 कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–ए –01. श्री राजदीप यादव (सीसीटीएनएस प्रभारी), 02. श्री बलराम शुक्ला (क्षेत्राधिकारी कार्यालय कर्नलगंज), 03. श्री सर्वेश यादव (थाना को0 नगर), 04. श्री प्रवीन सिंह (डी0आई0जी0 कार्यालय), 05. श्री इन्द्रेश कुमार गुप्ता (मीडिया सेल), 06. श्री प्रवीन पाण्डेय (थाना को0 देहात), 07. श्री पंकज कन्नौजिया (त्रिनेत्र सेल), 08. श्री विशाल यादव (क्षेत्राधिकारी नगर), 09. श्री देवेन्द्र यादव( थाना नवाबगंज) को कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी के पद पर पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी गई। महोदय द्वारा उन्हे निर्देशित किया गया कि अपने नई जिम्मेदारियों को भलिभाँति समझे तथा प्राथमिकता के आधार पर दिए गए कामों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 30.12.2024**

**बैंक/एटीएम/ग्राहक सेवा केन्द्रों की चेकिंग**

**सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु जनपद के समस्त बैंक, एटीएम, ग्राहक सेवा केन्द्रों व अन्य वित्तीय संस्थानों की गहनता से की गयी चेकिंग-**

**गोण्डा। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में आज दिनांक 30.12.2024 को समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल क्षेत्र में व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में बैंक, ए0टी0एम0, ग्राहक सेवा केन्द्र व अन्य वित्तीय संस्थानों की प्रभावी चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्यूटीरत पुलिस कर्मी / बैंक सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चेकिंग के दौरान बैंक, ए0टी0एम0, ग्राहक सेवा केन्द्रों व अन्य वित्तीय संस्थानों के सी0सी0टी0वी0 कैमरा, सायरन को चेक किया गया तथा संस्थानों के आस-पास संदिग्ध अनावश्यक खड़े व्यक्तियों की चेकिंग की गयी व बैंक में उपस्थित लोगो को सुरक्षा सम्बन्धित जानकारी देकर जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया गया।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 30.12.2024, थाना को0 नगर**
**जनपद गोण्डा।**

**थाना को0 नगर पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन की फर्जी बैनामा कराने के वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-**

**कार्यवाहीः-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में गठित थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-322/2024, धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त 01. घनश्याम यादव पुत्र शिव प्रसाद निवासी रूद्रापुर बाबूपुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

वादी कृष्णचन्द्र श्रीवास्तव पुत्र श्री चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव निवासी ग्राम कमरडीह कला थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा ने थाना कोतावली नगर को सूचना दिया की विपक्षीगण द्वारा कूटरचित अभिलेख तैयार कर धोखाधड़ी करके जमीन को फर्जी बैनाम करा लिया है। तहरीर के आधार थाना को0नगर पर मु0अ0सं0-322/2024, धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि बनाम गिरीशचन्द्र आदि 05 नफर अभियुक्तों के विरूद्ध नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 30.12.2024 को थाना को0नगर पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्त 01. घनश्याम यादव पुत्र शिव प्रसाद निवासी रूद्रापुर बाबूपुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. घनश्याम यादव पुत्र शिव प्रसाद निवासी रूद्रापुर बाबूपुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-322/2024, धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 डिग्री प्रसाद गौतम
02. का0 रामनाथ प्रजापित
03. का0 शशांक दिवेदी

**मीडिया सेल, गोण्डा**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 30.12.2024, जनपद गोण्डा।**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा पुलिस लाइन गोण्डा में निर्माणाधीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला(फारेंसिक लैब) का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को दिया गये आवश्यक दिशा निर्देशः**

आज दिनांक 30.12.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस लाइन गोण्डा में निर्माणाधीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया गया तथा उच्च कोटि की सामाग्री का प्रयोग करने व फेज-02 का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा बताया गया कि जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में 02 एकड़ जमीन में विधिविज्ञान प्रयोगशाला का कार्य प्रगति पर है जिसका फेज 01 का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा फेज -02 का कार्य प्रगति पर है। गोण्डा में फोरेंसिक लैब की स्थापना होने से वैज्ञानिक अपराध स्थलों, संदिग्धों और पीड़ितों से एकत्र किये गये साक्ष्यों का विश्लेषण किया जा सकेगा साथ ही साथ डी0एन0ए0 या फिंगर प्रिन्ट से लेकर मानव अवशेषों या संदिग्ध पदार्थों तक किसी भी चीज का विश्लेषण किया जा सकेगा।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 30.12.2024, थाना को0मनकापुर**

**जनपद गोण्डा।**

**थाना मनकापुर पुलिस द्वारा चोरी करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से मोबाइल फोन बरामद-**

**कार्यवाहीः-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री राजेश सिंह के नेतृत्व में थाना को0 मनकापुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-555/24, धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित घटना कारित करने के आरोपी अभियुक्त अरबाज पुत्र सहजाद अली निवासी ग्राम कुडासन बजरंग चौराहा मछली बाजार रोड थाना मनकापुर जनपद गोण्डा को मनवर तिराहे से आईटीआई मनकापुर आने वाले रोड़ से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 जोड़ी पायल (सफेद धातु), 01 अदद नाक का कील (पीली धातु) बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

**वादी नौशाद पुत्र वशीर अहमद निवासी ग्राम उपाध्यायपुर ग्रन्ट थाना को0मनकापुर जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0मनकापुर को सूचना दी गई की कुडासन बाजार में उसकी जनरल स्टोर की दुकान है तथा उसकी पत्नी अपने जेवरात दुकान में रखकर मायके गयी है। जब वह नमाज पढने के लिए दुकान भाई के लडके को सौप कर चला गया वापस आया तो कीमती जेवरात चोरी हो गया था। वादी की तहरीर पर थाना को0 मनकापुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। आज दिनांक 30.12.2024 को थाना को0 मनकापुर पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त अरबाज पुत्र सहजाद अली निवासी ग्राम कुडासन बजरंग चौराहा मछली बाजार रोड थाना मनकापुर जनपद गोण्डा को उसके घर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 जोड़ी पायल (सफेद धातु), 01 अदद नाक का कील (पीली धातु) बरामद किया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

**01. अरबाज पुत्र सहजाद अली निवासी ग्राम कुडासन बजरंग चौराहा मछली बाजार रोड थाना मनकापुर जनपद गोण्डा।**

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0- 559/24, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना को0 मनकापुर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

**01. 01 जोड़ी पायल (सफेद धातु)**

**02. 01 अदद नाक का कील (पीली धातु)**

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

**01. उ0नि0 सत्यप्रकाश सिंह**

**02. हे0का0 राकेश कनौजिया**

**03. का0 कमलेश कनौजिया**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**